भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

****

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3631

(दिनांक 08.08.2018 को उत्तर के लिए)

**बायो-मीट्रिक उपस्थिति प्रणाली**

3631. श्री सी. गोपालकृष्णन :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केंद्र सरकार के कार्यालयों में बायो-मीट्रिक उपस्थिति को अनिवार्य किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कितने सरकारी कार्यालयों में बायो-मीट्रिक उपस्थिति प्रणाली शुरू नहीं की गई है;

(ग) क्या बायो-मीट्रिक उपस्थिति प्रणाली की शुरूआत से पूर्व और पश्चात् श्रमशक्ति के परिणाम का आंकलन करने के लिए कोई सर्वेक्षण किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या परिणाम रहे हैं?

**उत्तर**

**कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह**

**(क) :** सरकार ने भारत सरकार के सभी कार्यालयों में उपस्थिति दर्ज करने हेतु सक्षम प्लेटफार्म के रूप में समर्थित बायो-मीट्रिक उपस्थिति प्रणाली (एईबीएएस) का प्रयोग करने का निर्णय लिया है। तदनुसार, दिनांक 28.1.2015 को सभी मंत्रालयों/विभागों को ये अनुदेश जारी किए गए थे कि बायोमीट्रिक उपस्थिति पोर्टल में नियमित आधार पर अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए सभी कर्मचारियों को आवश्यक निदेश जारी किए जाएं।

**(ख) :** ऐसे सरकारी कार्यालयों की संख्या के संबंध में केंन्द्रीकृत आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं जहां बायो-मीट्रिक उपस्थिति प्रणाली शुरू नहीं की गई है। तथापि, संग्रहीत सूचना के अनुसार जुलाई, 2018 तक की स्थिति के अनुसार उपस्थिति पोर्टलों पर 5049 केंद्र सरकारी कार्यालय पंजीकृत हैं।

**(ग) :** बायो-मीट्रिक उपस्थिति प्रणाली की शुरूआत से पूर्व और पश्चात श्रमशक्ति के कार्य परिणाम का आकलन करने के लिए कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया है।

**(घ) :** प्रश्न ही नहीं उठता।

*****